।। बिहार सरकार।।
स्थानिक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल, बिहार भवन, नई दिल्ली।
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **01/2026–27**

शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जता है कि इस कार्यालय द्वारा पत्रांक 346, दिनांक 22.05.2026 के माध्यम से निर्गत एवं दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या 01/2026–27, जिसका PR No. IPRD_PR_004125/26-27 है, में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

कार्य का नाम :- Comprehensive Housekeeping, Maintenance and operation Contract (for 5 years) of Bihar Sadan, Dwarka, New Delhi for the year 2026-31

क्र0सं0	विवरण	अंतिम संशोधित तिथि एवं समय	7th संशोधित तिथि एवं समय
1	परिमाण विपत्र बिक्री/डाउनलोड की तिथि एवं समय	दिनांक 06.06.2026 से 30.06.2026 तक, अपराह्न 03:00 बजे	दिनांक 16.10.2026 से 11.11.2026 तक, अपराह्न 03:00 बजे
2	निविदा जमा करने (Upload) की तिथि एवं समय	दिनांक 01.07.2026, अपराह्न 03:00 बजे तक	दिनांक 12.11.2026, अपराह्न 03:00 बजे तक
3	निविदा (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 02.07.2026, अपराह्न 03:00 बजे तक	दिनांक 13.11.2026, अपराह्न 03:00 बजे तक
4	निविदा (वित्तीय बिड) खोलने की तिथि एवं समय	विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बिड के निस्तारण के पश्चात	विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बिड के निस्तारण के पश्चात
5	प्री–बिड बैठक की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक 12.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे, मुख्य अभियंता (पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय । दिनांक 16.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे, बिहार भवन, नई दिल्ली के कार्यालय।	दिनांक 26.10.2026 को अपराह्न 03:00 बजे, मुख्य अभियंता (पटना), भवन निर्माण विभाग,पटना के कार्यालय। दिनांक 29.10.2026 को अपराह्न 03:00 बजे, बिहार भवन, नई दिल्ली के कार्यालय।

6. **कार्य विवरणी:–**

क्र0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Comprehensive Housekeeping, Maintenance and operation Contract (for 5 years) of Bihar Sadan, Dwarka, New Delhi for the year 2026-31	48,37,07,618 /-	58,37,076 /-	Rs. 10,000.00 (अंतराष्ट्रीय निविदाकारों हेतु निष्पादन) शुल्क रू0 25,000.00 + टैक्स जो सरकार के सचिव, सूचना प्रावेधिकी विभाग, पटना का पत्रांक 1045, दिनांक 09.06.2026 द्वारा मान्य है।	As per website	5 Years

7. कोई भी सवेंदक/संयुक्त उद्यम (Joint venture) जो केन्द्रीय/राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित हो अथवा अन्तराष्ट्रीय स्तर की हो, निविदा में भाग ले सकते है, परन्तु इस राज्य में संबंधित विभाग का रजिस्ट्रेशन उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सटेंस प्राप्त होने के बाद एकरारनामा के पूर्व कराना अनिवार्य होगा।

8. परिणाम विपत्र की राशि घट/बढ़ सकती हैं तदानुसार अग्रधन की राशि 10 करोड़ तक 2% प्रतिशत तथा शेष का 1% जमा करना अनिवार्य होगा।

9. कार्य की विशिष्टियों अथवा निविदा की शर्तो के संबंध में किसी भी प्रकार की पृच्छा या स्पष्टीकरण प्रिबीड़ मिटिंग की तिथि को या उसके पूर्व की जा सकती है। उसके बाद निविदा से संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायगा।

10. कार्य की पूर्ण जानकारी के लिए स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के कार्यालय से किसी कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

11. माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा CWJC No -9941/2022 बिहार सवेंदक संघ बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक 06.07.2023 को सुनवाई के उपरांत पारित न्यायादेश में वादी द्वारा दायर Writ याचिका को Dismissed कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या 447(s) सह पठित ज्ञापांक सं0 447(s) दिनांक– 16.01.2020 एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का पत्रांक– 556(भ0) दिनांक17.01.2020 में निहित शर्त इस निविदा में प्रभावी होंगें। सिड्युल दर से कम दर उद्दत करने पर बैंक के रूप में अतिरिक्त जमानत की राशि निम्न प्रकार भी जमा करना होगा अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी।

(क) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
(ख) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
(ग) परिमाण विपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.1 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
(घ) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिशत से अधिक कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.2 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

12. निविदा केवल ई– निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। टॉल फ्री नम्बर 18005726571 एवं Email Id- eproc2support@bihar.gov.in पर कार्य दिवस अवधि (8AM से 7PM) में विशेष जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

13. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शपथ पत्र जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का ही मान्य होगा, निविदा प्रकाशन की तिथि पूर्व का शपथ पत्र अपलोड करने वाले निविदादाता के निविदा पर विचार नही किया जाऐगा।

14. ई– निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदको को ई–प्रोक्युरमेन्ट (Service provider) के साथ निंबधन करना होगा। वेबसाइट पर आवश्यक निबंधन पपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हे User ID. तथा Password. मिलेगा। संवेदको को DSC (Digital Signature Certificate) भी प्राप्त करना होगा। User ID. Password. DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक वेबसाइट https:// www.eproc2.bihar.gov.in के माध्यम से ई– निविदा में भाग ले सकेंगें। Eproc1के existing vendors को अपने existing loging id द्वारा Eproc2.0 portal में Enroll करना होगा। विशेष जानकारी के लिए Eproc2 Helpdesk. जिसका deatails निम्न प्रकार है, से संपर्क किया जा सकता है। Toll Free no- 1800 57 26571, E-mail id :- eproc2support@bihar.gov.in working hours : 8AM to 7PM (All days in a week expect few selected: holidays)

15. Bid- Processing Charge + Service Tax का भुगतान As per website संवेदक द्वारा Internet payment gatway (Credit / Debit Cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/RTGS Challan के माध्यम से B.S.E.D.C के Bid- Processing Fee Account में Credit करेंगे। सरकार के सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग, पटना का पत्रांक 1045 दिनांक 09.06.2026 द्वारा निविदाकारों हेतु निविदा शुल्क निर्धारण की गयी, वो निविदा मान्य होगा।

16. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाइट पर ही, निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिशिचित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा सम्बंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी वेबसाइट से प्राप्त होगी।

17. निविदा कागजातों का मूल्य (जो किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाऐगा) को वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर उपलब्ध विकल्पों के अनुसार Onilne mode स्वीकार्य होगा। किये गये भूगतान से संबंधित कागजात की Scanned copy साक्ष्य के तौर पर निविदा कागजातों के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

18. निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर Tender free view में उपलब्ध है जिसके सिर्फ वेबसाइट से ही प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

19. मात्र ऑनलाईन विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जाऐंगे। बैंक गारंटी स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के नाम से प्रतिज्ञिप्त, होना चाहिए एवं उसकी वैधता निविदा प्राप्ति की तिथि से कम से कम 180 दिन होना चाहिए। BG का Online Verification किया जाऐगा।

20. अग्रधन की राशि वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध विकल्पों के अनुसार Online mode में जमा किया जा सकता है अथवा Online mode में केवल किसी अधिसूचित भारतीय बैंक से निर्धारित प्रपत्र में निर्गत तथा स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञिप्त बैंक गारंटी ही स्वीकार किया जाऐगा तथा बैंक गारंटी का Online Verification किया जाऐगा।

21. सभी मूल कागजात यथा परिणाम विपित्र के मूल्य के लिए जमा की गई राशि का प्राप्ति रसीद तथा अग्रधन के रूप में जमा किए जाने योग्य Bank Guarantee (B.G) की मूल्य प्रति अथवा Online mode में जमा किए गए राशि का प्राप्ति रसीद (जो भी लागू हो) को स्कैन कर Eproc-2 पर अपलोड करना आवश्यक होगा। अभियंता, मुख–सह–अपर–आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का ज्ञांपाक–4553 दिनांक –22.05.2025 के निर्देश के आलोक में बैंक गारंटी मूल में जमा करने की अनिवार्य समाप्त की जाती है तथा निविदाकार द्वारा E-B.G के रूप में EMD जमा किया जा सकता है। जिसका OnlineVerification किया जाएगा।

22. कार्य की पूर्ण की जानकारी के लिए स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली अथवा अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना अथवा मुख्य अभियंता (पटना) भवन निर्माण विभाग, पटना, बिहार से किसी कार्य दिवस के कार्य अवधि में, सम्पर्क किया जा सकता है।

23. सशर्त बैंक गारंटी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

24. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी के पास सुरक्षित है।

25. Company Act के तहत निबंधित संवेदक/फर्म को निविदा के साथ Certificate of Incorporation issued by Registrar of Company bihar, Memorandum of Association and Article of Association संलग्न करना अनिवार्य होगा।

26. डिबार किये गये सवेंदक/फर्म (फर्म से संबंधित पार्टनर, कोई एक पार्टनर भी) इस निविदा में भाग नहीं ले सकेंगें तथा एकरारनामा एवं विहित निर्देशानुसार कार्य निष्पादन नहीं करने पर बिहार ठेकादारी निबंधन नियमावली 2007 के प्रावधान के तहत् संवेदक/ फर्म को निलंबन एवं काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के किसी विभाग के द्वारा किसी विभाग के द्वारा डिबार एवं कालीकृत नहीं किये जाने संबंधी शपथ प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा। जाँचोपरान्त शपथ पत्र गलत पाये जाने पर निविदा अमान्य कर दी जाएगी एवं सवेंदक के विरूद्ध विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी।

27. S.B.D की सभी शर्ते मान्य होगी।

28. आवंटन उपलब्ध होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।

29. भुगतान की कार्रवाई कार्य सम्पादन के पश्चात् अनुमोदनोपरान्त निधि उपलब्ध के अनुसार किया जाऐगा। नियमानुसार विपत्र से स्त्रोंत पर जी0एस0टी0, आयकर, जमानत की राशि, रॉयल्टी एवं श्रम शेष अन्य कटौतियों के पश्चात् भुगतान की कार्रवाई की जाऐगी।

30. निविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि अतिंम तिथि के पूर्व ही समय रहते हुए परिमाण विपत्र डाउनलोडएवं निविदा अपलोड कर दें अथवा अतिंम समय में इंटरनेट सेवा बाधित रहने अथवा लिंक फेल होने अथवा किसी तरह के बाध्यता के कारण निविदा नहीं डाले जाने के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

31. अभियंता प्रमुख–सह–अपर–आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का पत्रांक–7974(भ0) दिनांक 09.11.2022 के द्वारा CA द्वारा Certified/Audited/Attested किये जाने वाले Document यथा Audited Balance sheet/turnover certificate/ अन्य आवश्यक दस्तावेज पर UDIN नम्बर अंकित नहीं रहने पर Document के वैध नही माना जाएगा तथा निविदादाता को असफल घोषित कर दिया जाएगा।

32. कार्य से संबंधित अद्यतन मजदूरी दर एवं ई0पी0एफ0 कटौती प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

33. भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना द्वारा निर्गत पत्रांक 5465 (भ) दिनांक 07.06.2011 निविदा का अंग माना जाएगा। SBD Contract Clause -25 के संबंध में निष्पादन भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का अधिसूचना सं0 2377(भ) दिनांक 16.03. 2023 के नियमो के अनुरूप किया जाएगा।

34. Mechanized Housekeeping के अर्न्तगत संवेदक को ISO 9001-2008, ISO 14001:2004 एवं ISO 45001-2018 का वैध प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। निविदाकार को कार्य संपादन की प्रक्रिया मे न्यूनतम मजदूरी दर के साथ अतिरिक्त रूप देय वैद्यानिक कर/ दायित्वों का पालन करना अनिवार्य होगा।

35. E-proc 2.0 application में pass phrase के माध्यम से Bid encryption का प्रावधान अनिवार्य किया गया है।

36. विस्तृत जानकारी के लिए निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट:- www.eproc2.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/-
स्थानिक अभियन्ता
भवन प्रमण्डल, नई दिल्ली।

ज्ञापाकः दिनांक
प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/-
स्थानिक अभियंता
भवन प्रमण्डल, नई दिल्ली।

ज्ञापाकः दिनांक
प्रतिलिपि : मुख्य अभियन्ता पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/-
स्थानिक अभियंता
भवन प्रमण्डल, नई दिल्ली।

ज्ञापाकः 551 दिनांक 08-10-26
प्रतिलिपि : आइ0टी0 प्रबंधक, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय website पर upload करने हेतु प्रेषित।

स्थानिक अभियंता
भवन प्रमण्डल, नई दिल्ली।
08-10-26